आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए-

असहयोग आन्दोलन के फलस्वरूप-

1. कांग्रेस सर्वप्रथम जन-आन्दोलन बनी।
2. हिन्दू-मुस्लिम एकता में वृद्धि हुई।
3. जनता के मन से ब्रिटिश 'शक्ति' का भय हट गया।
4. ब्रिटेन की सरकार भारतीयों को राजनीतिक रियायतें देने के लिए तैयार हुई।

कूट:

(a) 1, 2, 3 और 4 सही है।
(b) 2 और 3 सही है।
(c) 1 और 3 सही है।
(d) 3 और 4 सही है।

2. सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चयन कीजिए-

सूची-I		सूची- II	
A.	अभिनव भारत	1.	श्री अरविन्द घोष
B.	अनुशीलन समिति	2.	लाला हरदयाल
C.	गदर पार्टी	3.	सी. आर. दास
D.	स्वराज पार्टी	4.	वी. डी. सावरकर

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	1	3	2
(b)	1	4	3	2
(c)	1	4	2	3
(d)	4	1	2	3

3. कांग्रेस दल की उग्र शाखा ने, जिनके एक प्रमुख नेता नेहरू थे, 'इण्डिपेन्डेन्स फॉर इण्डिया लीग' की स्थापना की। यह लीग किसके विरोध में स्थापित हुई थी?

(a) गाँधी-इरविन समझौता

(b) होमरूल आन्दोलन

(c) नेहरू रिपोर्ट

(d) मॉण्टफोर्ड सुधार

4. कथन (A):- मुस्लिम लीग ने नेहरू रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया।

कारण (R):- जिन्ना केंद्र में साझा सरकार की गारंटी चाहते थे।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

5. रौलट सत्याग्रह के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं-

1. रौलट अधिनियम, 'सेडिशन कमेटी' की सिफारिश पर आधारित था।
2. रौलट सत्याग्रह में गांधी जी ने होमरूल लीग का उपयोग करने का प्रयास किया।
3. साइमन कमीशन के आगमन के विरुद्ध हुए प्रदर्शन रौलट सत्याग्रह के साथ-साथ हुए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3